तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, रविवार 21 सितंबर 2025

14 जूनियर रेडक्रॉस ने स्कूल व महाविद्यालय में स्वच्छता ...

10 महिलाओं के लिए हुआ जेंडर जागरूकता...




Shri Gopala Hospital
श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल
रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी
सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल

बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध

24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज

बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा
सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### बाइक की ठोकर से साइकिल सवार दो भाई घायल

**बालोद।** जिले में एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने साइकिल सवार दो भाइयों को टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों भाइयों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। उनके पिता की शिकायत पर पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। घटना 17 सितंबर की है। ग्राम चिरचारी निवासी कमलेश कुमार यादव ने पुलिस को बताया कि वह अपनी पत्नी और दो बेटों, रितेश और डेविड के साथ रामपालजी महाराज आश्रम से वापस लौट रहे थे। जब वे चिरचारी चौक पर उतरे, तो कमलेश अपनी पत्नी को साइकिल पर बिठाकर आगे जा रहे थे, जबकि उनके बेटे रितेश और डेविड दूसरी साइकिल पर पीछे आ रहे थे। जब वे गांव के स्कूल के पास पहुंचे, तो सामने से आ रही एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 19 बीपी 4341 के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए उनकी साइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों भाई साइकिल सहित सड़क पर गिर पड़े। रितेश कुमार की बाईं हथेली और बाईं जांघ में चोटें आईं और खून बहने लगा, जबकि डेविड को जांघ में खरोंच आई। कमलेश की शिकायत पर बालोद पुलिस ने मोटरसाइकिल चालक के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई कर रही है।

### दो युवकों ने की मारपीट, अपराध दर्ज

**बालोद।** चौक में बैठे युवक के पास पहुंचकर दो लोगों ने गाली गलौज व मारपीट का दी, इसके बाद मारपीट करने वाले दोनों युवकों के खिलाफ पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराया है, जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम सिकोसा थाना गुण्डरदेही निवासी अजित माण्डले ने पुलिस को बताया कि 17 सितंबर के दोपहर में वह ग्राम सिकोसा के बाजार चौक बरगद पेड़ के नीचे बैठा था, तभी ग्राम सिकोसा के मनजीत बघेल और उसका पिता मेघनाथ बघेल दोनों आये। मनजीत बघेल अपने हाथ में सफेद रंग का प्लाटिक का पाइप पकड़ा था, जो मेरे पास आकर दोनों गाली गलोच करते हुए मेघनाथ बघेल ने मेरे दोनों हाथ को पकड़ लिया एवं उसका लड़का मनजीत बघेल अपने हाथ में पकड़े पाइप से मेरे सिर, दाहिना जबड़ा व बाया कंधा में मारकर चोट पहुंचाया है और रिपोर्ट लिखाने पर जान से मारने की धमकी दी।

### राहगीर से मारपीट, दो युवकों के खिलाफ अपराध दर्ज

**बालोद।** हॉटल में खाना खाकर अपने ससुराल जा रहे व्यक्ति को दो युवकों ने मारपीट कर दिया। इसके बाद मारपीट करने वाले दोनों व्यक्तियों के खिलाफ पीड़ित व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई है, जिसमें पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम कुल्हीपुर थाना देहलूपुर जिला प्रतापगढ़ उत्तर प्रदेश निवासी कौशल पटेल ने पुलिस को बताया कि वार्ड 14 सुदामा नगर राजहरा अपने ससुराल में रहकर रोजी मजदूरी का काम करता हूं, 18 सितंबर के रात करीबन 10 बजे मैं होटल से खाना खाकर अपने ससुराल अपने मोटर सायकिल से जा रहा था, कि पुराना बाजार के पास पहुंचा था कि उसी समय दो–तीन व्यक्ति आये और मुझे तुम कौन हो, यहा ▸▸| शेष पेज 12 पर

**दुर्घटना**

**घटना स्थल पर मची चीख-पुकार, चालक और परिचालक बस छोड़ भागे**

# रायपुर से बीजापुर जा रही बस पलटी, 19 यात्री घायल, 1 गंभीर





हरिभूमि न्यूज ▸▸| दल्लीराजहरा/कुसुमकसा

क्षेत्र में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं की कड़ी में शुक्रवार की देर रात एक और बड़ा हादसा सामने आया। रायपुर से बीजापुर जा रही पायल ट्रेवल्स की यात्री बस क्रमांक CG 07 सीजे 6003 दल्लीराजहरा थाना क्षेत्र के शिकारीटोला मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलट गई। बस में लगभग 30 से 32 यात्री सवार थे, जिनमें सीआरपीएफ के 16 जवान भी शामिल थे। हादसे में 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, वहीं करीब 19 यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं। घायलों को शहीद अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिनमें से गंभीर रूप से घायल डॉ. मेहुल सुराणा 32 वर्ष को रायपुर रेफर किया गया है।

सूत्रों के अनुसार बस घटना से कुछ समय पहले रुकी थी, लेकिन दोबारा चलने के बाद तेज रफ्तार के कारण शिकारीटोला मोड़ पर चालक नियंत्रण खो बैठा और बस पलट गई। हादसे में सीआरपीएफ के एक जवान के हाथ में भी गंभीर चोट आई है। दुर्घटना के तुरंत बाद चालक और परिचालक मौके से फरार हो गए, जिससे यात्रियों में दहशत और अफरा-तफरी मच गई। गंभीर सवाल यह है कि लगातार हो रही इन सड़क दुर्घटनाओं पर आखिर जिम्मेदारी कौन लेगा? तेज रफ्तार और लापरवाही के चलते आम नागरिकों और सुरक्षाबलों की जान खतरे में डाली जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन और परिवहन विभाग की लापरवाही के कारण आए दिन ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं।

मौके पर दल्लीराजहरा पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है, लेकिन दुर्घटना का सही कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। क्षेत्र में बार-बार हो रही दुर्घटनाओं से लोगों में रोष और भय का माहौल है।

### कुसुमकसा के ग्रामीणों ने घायलों की मदद की



घटना की जानकारी मिलते ही कुसुमकसा के संतोष जैन, कृष्णकांत साहू, नितिन जैन उपसरपंच, पुष्पजीत बैंस सहित स्थानीय ग्रामीणों की मदद से घायलों को स्थानीय शहीद अस्पताल पहुंचाया गया। दुर्घटना की जानकारी मिलने पर राजहरा पुलिस बल घटना स्थल पहुंचकर व्यवस्था दुरुस्त किए। नवीन बोरकर थाना प्रभारी दल्लीराजहरा ने बताया बस चालक के खिलाफ भा द वी 279, 337,184 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### ट्रक चालक ने खोया नियंत्रण वाहन पेड़ से टकराया



**बालोद।** शराब पीकर वाहन चला रहे ट्रक ड्राईवर के नशे में संतुलन खो देने से ट्रक पेड़ से टकरा गया। मुख्य सड़क मे पेड़ो से टकराकर ट्रक बीच सड़क मे इस तरह खड़ा हुआ कि सिकोसा से राजनांदगांव जाने वाला मार्ग पुरी तरह जाम हो गया। जिसके कारण मार्ग से आने जाने वाले राहगिरो को दिक्कतो का सामना करना पड़ा। मिली जानकारी के अनुसार अर्जुंदा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खुटेरी से एक ट्रक निकला था, जहां नशे में धुत ड्राइवर ने सिकोसा से अर्जुंदा रोड में ईटा भट्ठा के समीप वाहन पर नियंत्रण खो दिया जिसके बाद ट्रक सीधे सड़क किनारे खड़े एक आम वृक्ष से टकरा गया, घटना स्थल को देखकर लगता है कि ट्रक की गति बहुत तेज रही होगी तभी तो ट्रक की टक्कर पेड़ टुट गया। टक्कर के बाद ट्रक अनियंत्रित होकर बीच सड़क पर आकर रुक गया। इस हादसे के कारण सिकोसा से राजनांदगांव जाने वाला मुख्य सड़क करीब डेढ़ घंटे तक प्रभावित रहा। ग्रामीणों ने बताया कि ड्राइवर नशे में इतना चूर था कि अपने पैरों पर खड़ा तक नहीं हो पा रहा था। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि इस तरह शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले ड्राइवर और गैरजिम्मेदार वाहन मालिकों पर कड़ी कार्यवाही की जाए। वहीं यातायात पुलिस रोज नशेड़ी ड्राइवरों पर अभियान चला रही है, लेकिन ऐसे मामलों में कठोरता और बढ़ाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है।



## जामगांव आर में शिक्षा मंत्री की पहल से सुलझा प्राचार्य का विवाद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जामगांव आर

■ भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा मंत्री से मुलाकात कर स्कूल प्रशासन के असहयोगपूर्ण रवैये से कराया था अवगत

जामगांव आर के स्कूल में लंबे समय से चल रहा प्रभारी प्राचार्य का विवाद आखिरकार शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के हस्तक्षेप के बाद सुलझ गया। भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को शिक्षा मंत्री से मुलाकात की और स्कूल प्रशासन के असहयोगपूर्ण रवैये से उन्हें अवगत कराया। इसके कुछ ही घंटों के भीतर इस मामले में नया आदेश जारी कर दिया गया।

दरअसल, सेजस शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल के प्रभारी प्राचार्य राजेश पिल्लई का तबादला होने के बाद वरिष्ठ व्याख्याता चेतना ठाकुर को प्रभार सौंपा गया था। हालांकि, सेजस अध्यक्ष अंगेश्वर साहू और प्रभारी प्राचार्य के बीच कार्यशैली को लेकर तालमेल नहीं बैठ पा रहा था। कई बार शिकायतें की गईं, लेकिन कोई समाधान नहीं निकल पा रहा था। इस बीच, जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) द्वारा जारी एक आदेश में जिनका नाम था, उनका भी तबादला हो गया, जिससे यह मामला और भी उलझ गया। इसके बाद, सेजस अध्यक्ष अंगेश्वर साहू ▸▸| शेष पेज 12 पर

### बाइक की ठोकर से राहगीर घायल, अपराध दर्ज

**बालोद।** सामान लेने दुकान जा रहे व्यक्ति को बाइक चालक ने ठोकर मार दिया, जिससे व्यक्ति घायल हो गया। इसके बाद घायल व्यक्ति के बड़े भाई ने रिपोर्ट दर्ज करायी है, जिस पर पुलिस ने धारा 184 एमओटी, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम खुंटेरी रंग निवासी ईश्वर लाल साहू ने पुलिस को बताया कि 17 सितंबर को शाम को अपने घर पर था, गांव के डगेश्वर निषाद फोन कर बताया कि आपके बडे भाई पोषण लाल साहू का मेनरोड जगदीश सोनकर के घर के पास ग्राम खुंटेरी रंग एक्सीडेंट हो गया है, तब मैं घटनास्थल जाकर देखा तो मेरे भैया को गांव के लोग रोड किनारे बैठा रहे थे, जिसे घटना के संबंध में पुछा तो बताये कि मैं सामान लेने दुकान तरफ जा रहा था कि करीबन मेरे पीछे सिकोसा तरफ से आ रही मोटर सायकिल क्र0 सीजी 07 जी 4809 का चालक ▸▸| शेष पेज 12 पर

## आयुक्त राठौर ने खरखरा जलाशय का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

■ पर्यटन केंद्र बनाने पर हुई चर्चा



दुर्ग संभाग आयुक्त सत्य नारायण राठौर ने अपने बालोद जिले के प्रवास के दौरान डौण्डीलोहारा विकासखण्ड में स्थित खरखरा जलाशय में पहुंचकर जलभराव की स्थिति का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता एवं अधिकारियों से खरखरा जलाशय की जलभराव की क्षमता, सिंचाई सुविधा आदि के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने घने जंगलों और पहाड़ों तथा प्रकृति के मनोरम वादियों के बीच स्थित इस खरखरा जलाशय को अत्यंत खूबसूरत एवं मनोरम बताते हुए पर्यटन की दृष्टि से इसे अत्यंत अनुकूल बताया। इस अवसर पर उन्होंने कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक सहित मौके पर उपस्थित अन्य अधिकारियों से खरखरा जलाशय एवं उसके आस–पास के क्षेत्र को पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित करने के संबंध में भी चर्चा की। इसके पश्चात संभाग आयुक्त राठौर अधिकारियों के साथ डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम कोटेरा पहुंचकर जल जीवन मिशन के तहत नल जल योजना अंतर्गत निर्माणाधीन फिल्टर प्लांट एवं पानी टंकी के कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्माणाधीन कार्य को निर्धारित समयावधि में गुणवत्तायुक्त ढंग से पूरा कराने के निर्देश भी दिए।

## जिले के 186 ग्रामों में मनाया जा रहा आदि सेवा पर्व व सेवा पखवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

■ ग्रामों में स्थापित हो रहे हैं आदि सेवा केंद्र




जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा संचालित आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत बालोद जिले में आदि सेवा पर्व व सेवा पखवाड़ा का आयोजन चयनित 186 ग्रामों में किया जा रहा है। इन ग्रामों में आदि सेवा केंद्र की स्थापना कर जनजातीय समुदाय के लिये एकल खिड़की सुविधा केन्द्र बनाये जा रहे हैं।

साथ ही विलेज वर्कशॉप का आयोजन कर जन–जागरण रैली, ट्रांसेक्ट वाक एवं केंद्रित सामूहिक चर्चा कर ट्राईबल विलेज विजन का निर्माण किया जा रहा है। इसके साथ ही क्रिटिकल गैप को चिन्हांकित कर योजनाओ की संतृप्ति सुनिश्चित करने का लक्ष्य है। आज बालोद जिले के विभिन्न विकासखण्ड के 22 ग्रामों में विलेज वर्कशॉप का आयोजन कर आदि सेवा पर्व व सेवा पखवाड़ा मनाया गया। जिसमें डौंडीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम महाराजपुर, बोइरडीह, पीपरखार ना, खपराभाट, खामभाट, कुंआगांव, मारएँ, डौंडी विकासखण्ड के ग्राम भैंसबोड़, धुरवाटोला, रजही, साल्हे, कामता, बम्हनी, कुंआगोंदी, कुंजकन्हार, मड़ियाकट्टा, मंगलतराई, गुंडरदेही विकासखण्ड के ग्राम लासाटोला, गुरुर विकासखण्ड के ग्राम कपरमेटा, बालोद विकासखण्ड के ग्राम अमोरा, लिमोरा और गोड़री शामिल हैं। अब तक जिले के लगभग 88 ग्रामों में कार्यशाला का आयोजन संपन्न हो चुका है।

केन्द्र सरकार के महत्वाकांक्षी आदि कर्मयोगी ▸▸| शेष पेज 12 पर

**पुलिस और एसबीआई लोगों को जागरूक करने में जुटी**

## साइबर अपराधों से बचने जिले में निकला जागरूकता रथ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद



जिले में बढ़ते साइबर अपराधों पर लगाम लगाने और आम जनता को जागरूक करने के लिए बालोद पुलिस और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने एक संयुक्त पहल की शुरुआत की है। इसी कड़ी में 20 सितंबर को एसबीआई साइबर जागरूकता रथ का शुभारंभ किया गया। यह ऑडियो-विजुअल वैन शहर और आसपास के इलाकों में घूमकर लोगों को ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के तरीके बताएगी।

इस जागरूकता रथ को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षिका मोनिका ठाकुर, डीएसपी मुख्यालय देवांश सिंह राठौर, रक्षित निरीक्षक रेवती वर्मा, एसबीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक संजय प्रसाद और मुख्य शाखा प्रबंधक गौरव भटनागर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

यह साइबर जागरूकता रथ विभिन्न प्रमुख स्थानों पर भ्रमण करेगा और नुक्कड़ नाटक और ऑडियो-विजुअल प्रस्तुतियों के माध्यम से लोगों को साइबर सुरक्षा के बारे में जानकारी देगा। इसका मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को बढ़ते साइबर अपराधों से सुरक्षित रखना। जागरूकता के माध्यम से धोखाधड़ी की घटनाओं में कमी लाना। सतर्क नागरिक, सुरक्षित समाज का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है।

### पुलिस और बैंक ने दिए महत्वपूर्ण संदेश

एएसपी और एसडीओपी बालोद ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे किसी भी अनजान नंबर से आए कॉल पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें। इसके अलावा, किसी को भी ओटीपी, एमपीआईएन या पासवर्ड न बताएं। मोबाइल पर आए संदिग्ध लिंक या ऐप्स को डाउनलोड करने से बचें। धोखाधड़ी के किसी भी प्रयास की सूचना तुरंत पुलिस या साइबर हेल्पलाइन को दें। एसबीआई के ब्रांच मैनेजर गौरव भटनागर ने बताया कि यह रथ 20 और 21 सितंबर को जिले के अलग-अलग स्थानों पर साइबर सतर्कता अभियान चलाएगा। 21 ▸▸| शेष पेज 12 पर

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI DAGANIA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A.* (Computer) 1 Year (10th Pass)
अग्रसेन एजुकेशन केम्पस, ग्राम -डगनिया, दुर्ग-बलोद मेन रोड, तह. गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)
89595-93937 • 89595-44444

## खबर संक्षेप



### ग्रामीण साहू समाज के अध्यक्ष बने केसी गजपाल

**गुण्डरदेही।** ग्रामीण साहू समाज सिकोसा के नवनियुक्त पदाधिकारीयों का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमे ग्रामीण साहू समाज के अध्यक्ष केसी गजपाल, उपाध्यक्ष मोहन लाल साहू, महिला उपाध्यक्ष गुनीता, सचिव खिलानंद साहू, कोषाध्यक्ष तोमन लाल, संगठन सचिव चतुर साहू, संगठन सचिव महिला जगोतीं बाई को बनाए गए। सभी ग्रामीण साहू समाज के पदाधिकारियो को ग्रामीणो ने हर्श व्यक्त की।

### रेंगाडबरी में नवरात्रि की तैयारी जोरों पर



**डौण्डीलोहारा।** वनांचल ग्राम रेंगाडबरी के संस्कृतिक कला मंच में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की जाएगी, जिसके चलते बस स्टैंड बाजार चौक में मां दुर्गा का पंडाल एक सप्ताह पहले से सजाया जा रहा है। नेमन साहू ने बताया कि 9 दिनों तक ग्राम एवं आसपास के ग्राम वासियों द्वारा माता की भक्ति व आराधना के साथ-साथ 9 दिनों तक रात्रि में सेवा भजन गायन बाजे गाजे के साथ किया जायेगा एवं विभिन्न कार्यक्रम भी किए जाएंगे।

### अज्ञात वाहन की ठोकर से युवती घायल

**बालोद।** ड्यूटी से घर लौट रही एक युवती को अज्ञात चार पहिया वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद युवती को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। युवती के भाई की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, तांदुला नगर, वार्ड 12 की निवासी तोसिमा लिमजे सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी के पद पर कोसमी खडगांव के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत हैं। 16 सितंबर को वह अपनी स्कूटी क्रमांक सीजी 24 जे 1343 से ड्यूटी से वापस बालोद लौट रही थीं। शाम करीब 4 बजे जब वह करियाटोला मोड़ के पास पहुंची, तभी पीछे से आ रहे एक अज्ञात चार पहिया वाहन ने लापरवाही और तेज रफ्तार से चलाते हुए उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। दुर्घटना में तोसिमा को बाईं कलाई, सीने और दाहिने हाथ में गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद उनके भाई पुरब लिमजे को फोन पर इसकी जानकारी मिली। वे तुरंत शहीद अस्पताल राजहरा पहुंचे, जहां तोसिमा का इलाज चल रहा है। पुरब लिमजे की शिकायत पर बालोद पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत मामला दर्ज कर लिया है और जांच में जुट गई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और अन्य सुरागों की मदद से फरार वाहन और उसके चालक की तलाश कर रही है।

### आईटीआई में प्लेसमेंट 29 सितंबर को

**डौंडीलोहारा।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सुरेगांव जिला बालोद में सोमवार दिनांक 29 सितंबर को सुबह 10:30 बजे से आईबी ग्रुप एबीस द्वारा विभिन्न व्यवसाय जैसे फिटर, विद्युतकार, वेल्डर आदि के लिए प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया है। आईटीआई सुरेगांव के संस्था प्रमुख ने बताया कि इसके लिए आवश्यक दस्तावेज 10वीं, 12वीं, स्नातक की अंकसूची, आईटीआई की अंक सूची, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज तीन फोटो और बैंक पासबुक की छाया प्रति साथ में लेकर आना जरूरी है।

### आयुक्त पांडेय ने गार्डनों का किया निरीक्षण

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई जोन क्रमांक-5 अंतर्गत उद्यान, क्रिकेट कोर्ट सहित वाटर एटीएम का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया।

**आयोजन : महिला स्वास्थ्य पर केंद्रित सेवा पखवाड़ा हुआ कार्यक्रम**

# महाविद्यालय में स्वास्थ्य जागरूकता के साथ हुआ सेवा पखवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

- छात्राओं को मिला स्वास्थ्य व स्वच्छता का संदेश

सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत शासकीय शहीद कौशल यादव महाविद्यालय गुण्डरदेही में शासकीय स्वास्थ्य केंद्र गुण्डरदेही के सहयोग से महिला स्वास्थ्य जागरूकता व्याख्यान एवं निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

ब्लॉक समन्वयक सरिता निषाद ने महिलाओं की माहवारी सहित स्वास्थ्य के अन्य विषयों पर व्याख्यान एवं वीडियो के माध्यम से जागरूक किया तथा निःशुल्क स्वास्थ्य तथा रक्त परिक्षण का भी आयोजन किया गया।

सैकड़ों छात्रओं का सिकलिंग, हीमोग्लोबिन का स्तर, रक्त समूह तथा बल्ड प्रेशर का जांच कर उचित सलाह दिया गया। सेवा पखवाड़ा का आयोजन महाविद्यालय में दिनांक 17 सितंबर से स्वच्छता शपथ, स्वच्छता अभियान एवं रेड क्रॉस सोसाइटी बालोद के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित रक्तदान शिविर में महाविद्यालय के छात्र–छात्रओं द्वारा रक्तदान किए जाने के साथ आरंभ हुआ था। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. चंदना बोस ने बताया कि सेवा पखवाड़ा एवं स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत महाविद्यालय में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता से जुड़े कार्यक्रम लगातार आयोजित किये जा रहे हैं, जिससे छात्र–छात्रओं एवं समाज में स्वास्थ्य, सेवा एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके। सभी कार्यक्रम महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अभिषेक पटेल के मार्गदर्शन में संचालित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.केडी.चावले, डीएस.सहारे, आरपी.निषाद, डॉ. आशीष कुमार भुई, ऋतु सोरी तथा समस्त अतिथि व्याख्याता उपस्थित थे।





### हायर सेकंडरी के छात्रों ने की साफ-सफाई

**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के उपलक्ष्य में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डौंडीलोहारा में प्रभारी प्राचार्य एलके ठाकुर के मार्गदर्शन में जूनियर रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। विद्यालय के शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं द्वारा स्कूल परिसर की साफ सफाई की गई। छात्र छात्राओं को हैंड वाश की जानकारी प्रदान की गई। सभी शिक्षक शिक्षिकाओं एवं छात्र छात्राओं द्वारा स्वच्छता की शपथ ली गई। कार्यक्रम में सहायक रेडक्रॉस प्रभारी हेमंत साहू, रेडक्रॉस सोसाइटी के जिला प्रबंधन समिति के सदस्य एनुका शार्वा, आजीवन सदस्य प्रदीप मेश्राम, डुप्ले साहू, लवण साहू,कपिल पटेल एवम व्याख्याता डी आर साहू, एस वैदे, आर एन योगी, आरके कोठारी, निधि यादव रेडक्रॉस वालिंटियर्स चेष्टा, गीतांजलि, भावना, दिव्या, विनीता, चेतना, विभा एवं समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### स्वच्छता पखवाड़ा तहत नायक स्मारक कैंपस में किया सफाई



**डोंडी।** नगर पंचायत डौंडी में स्वछता पखवाडा, स्वछता ही सेवा एवं रजत जयंती के अवसर पर वार्ड क्रमांक 01 स्थित शहीद गेंद सिंह नायक स्मारक कैंपस का साफ सफाई कार्य किया गया। एवं वार्ड क्रमांक 06 में स्थित जिमिदारिन मंदिर का साफ सफाई कार्य किया गया। एवं स्वछता का शपथ लिया गया। उक्त कार्यक्रम में अध्यक्ष मोहंतिन चौरका, उपाध्यक्ष संजीव मानकर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी संतोष कुमार देवांगन समस्त पाषर्दगण नगर के गणमान्य नागरिक जनप्रतिनिधि एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।

## आत्मानंद के छात्रों ने ली स्वच्छता की शपथ





**डौंडीलोहारा।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत शनिवार को स्वामी आत्मानंद उत्कृट विद्यालय रानाखुज्जी में सामूहिक रूप से स्वच्छता उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में स्वच्छता की शपथ ली गई और रैली निकाल कर नारा के माध्यम से ग्रामीणजनों में स्वच्छता का प्रचार प्रसार करते हुए अपने आस पास स्वच्छ रखने के लिए जागरूक किया गया। विशेष वाक्य करो स्वच्छ, रखो स्वच्छ, और रहो स्वस्थ, का संदेश दिया गया। साथ ही हिन्दू राष्ट्र भारत की आगामी विशेष पूर्व नवरात्र की तैयारी को ध्यान में रखते हुए गांव मे स्थित प्रसिद्ध माता मंदिर, मां बम्लेश्वरी ,मंदिर प्रांगण की साफ़ सफाई करते हुए विद्यालय के आस पास की भी विशेष रूप से साफ़ सफाई करते हुए बच्चों में स्वच्छता के प्रति रूचि उत्पन्न किया गया।इस महत्वपूर्ण कार्य पर स्वयं संस्था प्रमुख प्राचार्य खिलेश्वर प्रसाद टंडन, रेडक्रास प्रभारी मनोज कुमार रॉकी, मिडिल स्कूल प्रधान पाठक सेमराय ठाकुर, प्रायमरी स्कूल प्रधान पाठक बलराम सिंह सोनकर, समस्त स्टॉफ एवं छात्र छात्राओं द्वारा सहभागिता निभाई गई।

### छात्रों ने लिया स्वच्छता का संकल्प



**डौंडीलोहारा।** प्राथमिक विद्यालय धनगांव संकुल में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया। सभी बच्चों ने संकल्प लिया, न गंदगी करेंगे, न गंदगी करने देंगे, परिवार में, विद्यालय में, मुहल्ले में तथा गांव को स्वच्छ बनाए रखेंगे। सहायक शिक्षक विशंभर सिंह बगमरिया ने बच्चों को सुमन के सूत्र के माध्यम से छः स्टेप में हाथ धोना सिखाया। सभी बच्चों ने डेटॉल से एस फॉर सीधा, यू फॉर उल्टा, एम फॉर मुट्ठी, ए फॉर अंगुलिया, एन फार नाखून, के फार कलाई इस प्रकार सभी बच्चों ने छः स्टेप में हैंड वास से हाथ धुलाई किया गया स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम में विशंभर सिंह बगमरिया, श्रीमती विद्यावती साहू प्रधान पाठक, श्रीमती धनेश्वरी सोनवानी , नेत राम पटेल सहायक शिक्षक का सहयोग रहा।

## प्रयास में चयनित छात्र विकास का हुआ अभिनंदन



**डौंडीलोहारा।** पूर्व माध्यमिक शाला बगईकोन्हा सिरपुर में प्रयास विद्यालय के लिए चयनित छात्र विकास का अभिनंदन समारोह रखा गया। इसमें विकास ने अपने छात्र जीवन के अनुभवों को साझा किया और अपने चयन का श्रेय गुरूजनों को दिया। उपस्थित छात्रों ने उनसे प्रश्न पूछे। उन्होंने प्रतियोगी परीक्षा के लिए टिप्स देते हुए सभी छात्रों को प्रेरित किया। प्रधान पाठक टेमनलाल राणा ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में चयन होने वाले छात्र अपना भविष्य तो संवारते ही हैं। साथ ही अपने माता-पिता, विद्यालय और गांव का नाम भी गौरवान्वित करते हैं। शिक्षिका निशा साहू ने विकास को 1000 रूपये, ड्राइंग सामग्री, कलर पेंसिल, पेन आदि पुरस्कार दिया। प्रधान पाठक टेमनलाल राणा व शिक्षकगण वासुदेव पटेल, मनीष देशमुख द्वारा भी संयुक्त रुप से 1000 रुपये की राशि व पेन से पुरस्कृत किया गया। संस्था की ओर से मोमेंटो भेट कर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर प्रधानपाठक टेमनलाल राणा, शिक्षकगण वासुदेव पटेल, मनीष देशमुख, शिक्षिका निशा साहू तथा विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## संकुल केंद्र मरकाटोला में शिक्षकों को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

संकुल केंद्र मरकाटोला में शनिवार को शिक्षकों के सम्मान में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जनपद पंचायत डौंडी के अध्यक्ष मुकेश कौड़ो मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संकुल समन्वयक बंशी राम भुआर्य ने की। इस मौके पर कन्या हाई स्कूल घोटिया के प्राचार्य मोहन लाल सार्वां, नर्राटोला पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधानपाठक राजू लाल देवदास, कटरेल प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक नोहर सिंह ठाकुर और भोलईपारा प्राथमिक शाला की सहायक शिक्षिका दुलेश्वरी ठाकुर विशेष अतिथि के रूप में मौजूद थे।

इस समारोह में संकुल केंद्र मरकाटोला के सभी शिक्षक उपस्थित थे। शिक्षकों ने सेवानिवृत्त हो रहे मोहन लाल सार्वां, राजू लाल देवदास, नोहर सिंह ठाकुर और दुलेश्वरी ठाकुर को शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया और भावभीनी विदाई दी। विदाई ले रहे शिक्षकों ने अपने पुराने अनुभवों को सभी के साथ साझा किया। मुख्य अतिथि मुकेश कौड़ो ने सभी शिक्षकों को आशीर्वाद दिया। अंत में गंगोत्री साहू ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।



## महिलाओं के लिए हुआ जेंडर जागरूकता प्रशिक्षण





**डौंडीलोहारा।** ब्लॉक में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन और चैतन्य संस्था के सहयोग से महिलाओं के लिए एक विशेष जेंडर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य महिलाओं को जेंडर से संबंधित भेदभाव और असमानताओं के प्रति जागरूक करना और उन्हें उनके अधिकारों के बारे में जानकारी देना था। इस कार्यक्रम में नांहदा, रेंगाड़बरी, दुधली और सुरेगांव के स्व-सहायता समूहों की महिलाओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

प्रशिक्षण के दौरान, ट्रेनरों ने महिलाओं को बताया कि उन्हें अक्सर घर, कार्यस्थल और समाज में असमान व्यवहार का सामना करना पड़ता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि शिक्षा, जागरूकता और कानूनी जानकारी के माध्यम से इस असमानता को दूर किया जा सकता है।

महिलाओं को कई महत्वपूर्ण कानूनों के बारे में विस्तार से बताया गया, जिसमें कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से संरक्षण अधिनियम 2013, घरेलू हिंसा अधिनियम 2005, बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006, दहेज निषेध अधिनियम 1961, कन्या भ्रूण हत्या रोकथाम अधिनियम 1994, ट्रेनर ने बताया कि ये कानून महिलाओं की सुरक्षा और उनके अधिकारों को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रशिक्षण में जयंती साहू का विशेष सहयोग रहा, शेषपाल साहू जिला समन्वयक, मोहित सिन्हा, प्रीतिबाला और गायत्री देवांगन ने ट्रेनर के रूप में अपनी भूमिका निभाई।

## निशा बनीं मिसेज धरोहर छत्तीसगढ़



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

राजधानी रायपुर के पं. दीनदयाल ऑडिटोरियम में 13 सितंबर को मिस्टर, मिस एवं मिसेज धरोहर छत्तीसगढ़ का आयोजन हुआ।

तीन माह तक चले चयन और तैयारी के बाद हुए अंतिम दौर में प्रदेशभर की प्रतिभाओं ने अपने व्यक्तित्व और आत्मविश्वास का प्रदर्शन किया। क्षेत्र की बेटी व नयापारा की बहू निशा गुप्ता को मिसेज धरोहर छत्तीसगढ़ 2025 का ताज पहनाया गया। उनकी सादगी, समझदारी और भारतीय संस्कृति से जुड़े व्यक्तित्व ने निर्णायक मंडल और दर्शकों का दिल जीत लिया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। आयोजन की अध्यक्षता बसंत अग्रवाल ने की। निर्णायक मंडल ने विभिन्न प्रतिभाओं का मूल्यांकन कर विजेताओं का चयन किया।

प्रथम उपविजेता के रूप में श्वेता श्रीवास्तव रहीं। निशा गुप्ता ने अपनी सफलता का श्रेय माता इंद्रा गुप्ता, पिता विजय कुमार गुप्ता तथा पति अनुज कुमार गुप्ता को दिया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने छत्तीसगढ़ की पारंपरिक वेशभूषा और भारतीय संस्कृति की झलक पेश की, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। समापन अवसर पर अगली बार और भी भव्य आयोजन करने की घोषणा की गई।

## पेज 11 के शेष

### जामगांव आर में शिक्षा मंत्री ...

ने सीधे शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव से मुलाकात कर इस समस्या के बारे में बताया। इस मुलाकात के कुछ ही घंटों बाद, 19 सितंबर को डीईओ ने एक नया आदेश जारी किया, जिसमें सरजूराम ठाकुर को सेजस जामगांव आर का नया प्रभारी प्राचार्य नियुक्त किया गया। स्थानीय लोगों का मानना है कि जामगांव आर जैसे महत्वपूर्ण केंद्र, जहां एक सरकारी कॉलेज भी है, में लंबे समय से पूर्णकालिक प्राचार्य की कमी है। प्रभारी प्राचार्य से काम चलाना मुश्किल हो रहा है। लोगों ने उम्मीद जताई है कि शिक्षा मंत्री अपने गृह जिले के इस महत्वपूर्ण स्कूल में जल्द ही एक पूर्णकालिक प्राचार्य की नियुक्ति करेंगे, जिससे शिक्षा व्यवस्था और बेहतर हो सकेगी।

### पुलिस और बैंक ने ...

और 22 सितंबर को यह रथ बस स्टेशन बालोद, घड़ी चौक, बुधवारी बाजार, उन्नति प्लाजा, सिविल लाइंस, कृषि उपज मंडी समिति, गौरा चौक, जय स्तंभ चौक, कांग्रेस भवन चौक और दुर्गा देवी मंदिर जैसे प्रमुख स्थानों पर भ्रमण करेगा।

### राहगीर से मारपीट, दो युवकों ...

कैसे आये हो बोलकर गाली गलौज कर धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे। उनमें से एक व्यक्ति ने अपने पास रखे लोहे का चैन स्पाकेट से मेरे पीठ में मारा है, मारपीट की जानकारी होने पर मेरा साला रोहित वर्मा अपने साथी अमन, गजेन्द्र के साथ आये और बीच बचाव किये, मेरे साला ने बताया कि जो मारपीट किया है वह प्रतीक सुभाष चौक राजहरा एवं लक्की रेल्वे कालोनी राजहरा का रहने वाला है। मारपीट करने से मेरे पीठ, बांए हाथ के कोहनी में चोट आयी है।

### बाइक की ठोकर से ...

अपने मोटर सायकल का काफी तेज व खतरनाक ढंग से चलाकर मुझे पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मेरे बांये पैर के घुटने में चोंट, सिर, गला व कमर में चोंट आना बताये है। तब मैं अपने भाई को शासकीय अस्पताल गुण्डरदेही ले जाकर ईलाज हेतु भर्ती किया हूं।

### जिले के 186 ग्रामों में ...

अभियान के अंतर्गत 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली आदि सेवा पर्व के अंतर्गत जिले के विभिन्न आदिवासी बहुल ग्रामों में बड़ी संख्या में जनजातीय परिवार के लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कर कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की है। इस दौरान वालंटियरों एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा उपस्थित लोगों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी। इसके साथ ही साफ–सफाई की विशेष महत्व की जानकारी देते हुए जनजागरूकता अभियान चलाते हुए स्वच्छता रैली भी निकाली जा रही है।

इस दौरान जनजातीय परिवारों के गृह भेंट कर उन्हें शासन द्वारा मिल रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी ली गई तथा उनकी समस्याएं सुनी गई। इस अवसर पर ग्रामीणों को आदि सेवा कर्मयोगी अभियान, आदि सेवा पखवाड़ा के महत्व एवं उद्देश्यों के संबंध में जानकारी देने के साथ जनजातीय अंचलों में स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, कौशल विकास, आजीविका संवर्धन, स्वच्छता, जल संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा जैसी सेवात्मक गतिविधियां भी आयोजित की जा रही है। ज्ञातव्य हो कि आदि सेवा अभियान के अंतर्गत ट्राईबल विलेज एक्शन प्लान एवं ट्राईबल विलेज विजन 2030 तैयार किया जाएगा।

इसके तहत प्रत्येक गांव के लिए विकास का दीर्घकालिक रोडमैप बनेगा। 02 अक्टूबर को विशेष ग्राम सभा में इन योजनाओं का अनुमोदन होगा। ग्राम स्तर पर आदि सेवा केन्द्र स्थापित होंगे, जहां शिकायत निवारण और सेवा वितरण की व्यवस्था होगी। साथ ही ग्राम विकास योजना क्रियान्वयन कैलेंडर बनाया जाएगा, जिससे योजनाएं समयबद्ध तरीके से लागू हो सकेगी।

### टाउनशिप में कॉलेज, आवास और पीआईजी पर बनी सहमति

**भिलाई।** भिलाई टाउनशिप में आवश्यक नगर निगम के कार्यों के लिए एनओसी, सेवानिवृत्त कर्मचारियों की समस्याओं सहित मार्केट में व्यावसायिक लीज नवीनीकरण की समस्या के जल्द निराकरण, प्रधानमंत्री ट्राफी, गोद लिए गांव के विकास जैसे गंभीर विषयों पर हुई चर्चा के बाद अनेक विषयों पर निदेशक प्रभारी से सहमति बनी है। इन विषयों पर योजना तैयार कर केंद्र सरकार और स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया सेल को भेजा जाएगा। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन की निदेशक प्रभारी चितरंजन मोहापात्रा से सार्थक चर्चा हुई है। श्री मोहापात्रा ने आश्वस्त किया कि टाउनशिप में आवश्यक जनोपयोगी विकास कार्यों के लिए निगम भिलाई और जिला प्रशासन से चर्चा कर एनओसी संबंधी औपचारिकताओं में तेजी लाई जाएगी ताकि आवश्यक विकास कार्यों में विलंब न हो। विधायक रिकेश सेन ने सेक्टर-9 हास्पीटल को मेडिकल कॉलेज बनाए जाने को लेकर निदेशक प्रभारी श्री मोहापात्रा से चर्चा की।

## खबर संक्षेप



### कुरदी में साहू समाज ने चुना अध्यक्ष, उपाध्यक्ष

**बालोद/सिकोसा।** साहू समाज परक्षेत्र कुरदी के अध्यक्ष रमेश साहू, संरक्षक केसु साहू के उपस्थिति में ग्रामीण साहू समाज नवागांव (डुंडेरा) पदाधिकारी चुनाव संपन्न हुआ। जिसमे अध्यक्ष टोमन लाल साहू, उपाध्यक्ष करण साहू, कोषाध्यक्ष ललित कुमार साहू, सचिव कुलदीप साहू, सरपंच उषा कुलदीप साहू, संरक्षक हीराराम साहू, बालमुकुंद साहू, भजनलाल साहू, वर्तमान पूर्व अध्यक्ष धर्मदास साहू, सचिव धनेश साहू, सजनू दास साहू, भीषम साहू, उत्तम साहू, प्रमोद साहू उपस्थित समस्त साहू समाज संगठन सचिव गौतम साहू, लीना साहू, महिला उपाध्यक्ष सरोज साहू को बनाया गया है।

### आरोग्य आयुष्मान मंदिर में हुआ स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का आयोजन



**गुण्डरदेही।** आरोग्य आयुष्मान मंदिर ग्राम बेलौदी में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का आयोजन किया गया। इसमें पूर्व विधायक गुण्डरदेही वीरेंद्र साहू, जनपद सदस्य अश्वनी कटहरे, तोमन साहू, सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष नोहार साहू, मंडल महामंत्री आशीष साहू एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलौदी के डॉ. संतोष साहू उपस्थित हुए। पूर्व विधायक ने स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। साथ ही इस अभियान के तहत सभी प्रकार के स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ लेने अपील की। जनपद सदस्य अश्वनी कटहरे ने स्वच्छता की शपथ दिलायी। डॉ. संतोष साहू ने स्वस्थ नारी सशक्त परिवार योजना के अंतर्गत स्वास्थ्य संबधी परीक्षण एवं चिकित्सा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलौदी में भी उपलब्ध है, जिसका सभी को लाभ लेने कहा।

### राज्य स्तरीय दौड़ प्रतियोगिता के लिए हरेंद्र का चयन

**डौंडीलोहारा।** बालोद में 8 और 9 सितंबर को आयोजित संभाग



स्तरीय शालेय क्रीड़ा चयन प्रतियोगिता में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अरजपुरी के छात्र हरेंद्र कुमार ने शानदार प्रदर्शन किया है। इसके बाद जगदलपुर में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए उसका चयन हुआ। हरेंद्र अब 21 से 24 सितंबर तक जगदलपुर में आयोजित होने वाली 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। पूरा स्कूल परिवार और ग्रामवासी उनके बेहतरीन प्रदर्शन की कामना कर रहे हैं। प्राचार्य नंदलाल पिंकेश्वर ने छात्र को बधाई दी और अन्य विद्यार्थियों को भी पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

# नवरात्रि पर झलमला मंदिर के लिए यातायात व्यवस्था में किया बदलाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद


आगामी क्वांर नवरात्रि पर्व के दौरान शांतिपूर्ण तरीके से नवरात्रि पर्व के आयोजन हेतु रूट डायवर्सन मार्ग परिवर्तित किया गया है। जिसके तहत गंगा मैय्या झलमला मंदिर झलमला से गुजरने वाले बड़े माल वाहक वाहन चालकों से परिवर्तित मार्ग का उपयोग करने की अपील की गई है।

गंगा मैय्या मंदिर झलमला में क्वांर नवरात्रि पर्व 22 सितंबर से 01 अक्टूबर तक ज्योति कलश स्थापना, विभिन्न कार्यक्रमों एवं मेला का आयोजन होने से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, आम नगारिकों एवं दर्शनार्थियों की भीड़–भाड़ होने की संभावना को देखते हुए अगामी क्वांर नवरात्रि पर्व के मद्देनजर गंगा मैय्या मंदिर झलमला बालोद में सुगम सुरक्षित यातायात व्यवस्था के संचालन हेतु रूट डायवर्सन किया गया है। डायर्वन रूट मे धमतरी तरफ से आने वाले बड़े मालवाहक वाहन धमतरी – गुरूर – झलमला तिराहा – पड़कीभाठ बायपॉस – पाररास होते हुए बटेरा चौक लोहारा से गतव्य स्थान के लिए आगे बढ़ेंगे। दुर्ग से आने वाले बड़ी मालवाहक वाहन दुर्ग – गुण्डरदेही – पड़कीभाठ – बायपास होते हुए बटेरा चौक लोहारा से गतव्य स्थान के लिए आगे बढ़ेंगे। राजहरा की ओर से आने वाले बड़ी मालवाहक वाहन राजहरा – कुसुमकसा – बटेरा चौक लोहारा – पाररास बायपॉस – पड़कीभाठ होते हुए गतव्य स्थान के लिए आगे बढ़ेंगे। इसी प्रकार राजनांदगांव की ओर से आने वाले बड़ी मालवाहक वाहन राजनांदगांव – लोहारा – बटेराचौक – पाररास बायपॉस – पड़कीभाठ होते हुए गतव्य स्थान के लिए आगे बढ़ेंगे। उपरोक्त रूट डायवर्सन सभी बड़ी मालवाहक वाहनों के लिए 22 सितंबर से 01 अक्टूबर तक लागू रहेगा।

## भारी वाहनों को वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करने की अपील

### 4 स्थानों पर पार्किंग

गंगा मैय्या परिसर झलमला बालोद में आने वाले वाहन चालको एवं श्रद्धालुओं के लिए 04 स्थानों में पार्किंग स्थान बनाया गया है। धमतरी गुरूर की ओर से आने वाले दर्शनार्थियों "पुलिस कॉलोनी परिसर" झलमला में पार्किंग करेंगें। दुर्ग गुण्डरदेही की ओर से आने वाले दर्शनार्थी "झलमला बाजार चौक" में पार्किंग करेंगे एवं राजहरा राजनांदगांव की ओर से आने वाले वाहन "सिवनी मैदान पार्किंग" एवं "बालोद बाजार" हीरापुर जाने वालं मोड़ के सामने पार्किंग करेंगे।



### पुलिस की अपील

दर्शनार्थियों एवं आम जनता से यातायात पुलिस बालोद ने अपील की है कि निर्धारित स्थानों में ही वाहनों की पार्किंग करें, निर्धारित पार्किंग स्थानों में ही वाहन पर्किंग कर सवारी उतारें, बड़े मालवाहक वाहन चालक, परिचालक एवं मालिक परिवर्तित मार्ग का उपयोग करें, यातायात व्यवस्था बनाने एवं शांतिपूर्ण तरीके से क्वांर नवरात्रि पर्व के आयोजन हेतु जिला एवं पुलिस प्रशासन बालोद का सहयोग करें।

## आयोजन : समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना पहुंचाने पर दिया जोर

# नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफॉर्म्स पर हुआ सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

नगर मे नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफॉर्म्स पर सम्मेलन और प्रबुद्धजन वर्ग संवाद का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बीजेपी के प्रदेश महामंत्री और जीएसटी रिफॉर्म्स के प्रदेश संयोजक यशवंत जैन के मार्गदर्शन में हुआ, जिसमें जीएसटी में संभावित सुधारों और इसके फायदों पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख ने कहा कि जीएसटी सुधारों और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हमारा प्रमुख कर्तव्य है। उन्होंने कहा देश और समाज को विकसित बनाने के लिए युवाओं को अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि हर योजना का लाभ उस व्यक्ति तक पहुंचे जिसको सबसे अधिक आवश्यकता है।

■ यशवंत जैन के मार्गदर्शन में जीएसटी सुधारों और जनकल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा हुई





कार्यक्रम में मुख्य वक्ता यशवंत जैन ने कहा जीएसटी में हुए सुधारों ने देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत किया है। उन्होंने कहा जीएसटी सिर्फ एक टैक्स सिस्टम नहीं, बल्कि एक राष्ट्र, एक टैक्स की भावना को साकार करने वाला एक बड़ा आर्थिक सुधार है। इसके सरलीकरण से छोटे और मझोले व्यापारियों को बहुत लाभ हुआ है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार निरंतर जीएसटी को और अधिक सरल बनाने के लिए काम कर रही है, ताकि आम नागरिक और व्यापारी दोनों को इसका फायदा मिल सके। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडे ने कहा कि जीएसटी रिफॉर्म्स जैसी पहलें दर्शाती हैं कि केंद्र सरकार पारदर्शिता और सुशासन के प्रति कितनी गंभीर है। उन्होंने कहा यह सुधार देश के आर्थिक विकास की गति को तेज कर रहे हैं और रोजगार के नए अवसर पैदा कर रहे हैं। चार्टर्ड अकाउंटेंट यश जैन और महेंद्र जायसवाल ने किसानों को जीएसटी से होने वाले लाभों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस तरह कृषि से जुड़ी मशीनरी और इनपुट्स पर जीएसटी दरों में कमी से किसानों को राहत मिली है, जिससे उनकी लागत कम हुई है। नगर पंचायत अध्यक्ष और जीएसटी रिफॉर्म्स के जिला संयोजक प्रमोद जैन ने बताया कि इस संवाद का उद्देश्य आम नागरिकों, कर्मचारियों और किसानों को जीएसटी के फायदों के बारे में जागरूक करना है। उन्होंने कहा, हम चाहते हैं कि समाज के हर वर्ग को यह पता चले कि जीएसटी कैसे उनके जीवन को आसान बना रहा है। प्रबुद्धजन संवाद के दौरान सेवानिवृत्त शिक्षकों, राइस मिलर्स, पत्रकारों और व्यापारियों को शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला कार्यकारिणी सदस्य थानसिंह मंडावी और थानमल जैन ने किया, आभार प्रदर्शन पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर ने किया। कार्यकम में पूर्व सांसद मोहन मंडावी पूर्व विधायक वीरेंद्र साहू, राजेंद्र राय , लेखराम साहू ,जिला उपाध्यक्ष ठाकुर राम चंद्राकर, टीनेश्वर बघेल, पवन सोनबरसा, हरीश कटझरे, अश्वनी यादव, केशव साहू, मंडल अध्यक्ष युवराज मारकंडे, प्रकाश सिन्हा, जीतू गुप्ता, कुलदीप साहू, जनपद सदस्य गुलशन साहू, राजू कौशल, श्रीकांत वर्मा, जनपद अध्यक्ष पुरुषोंतम चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य कांति सोनेश्वरी, लक्ष्मी साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष गुरुर प्रदीप साहू, बालोद जिला के मंडलों के पदाधिकारीगण, गुण्डरदेही नगर पंचायत के उपाध्यक्ष विजय सोनकर, पार्षद हरीश निषाद, संतोष नेताम, शंकर यादव, हेमंत सोनकर, शैल महोबिया, पूजा बिंझेकर, सेवक महिपाल रोम लाल यादव, व्यापारी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, युवा मोर्चा के पदाधिकारीगण उपस्थिति थे।

# पंचायत ओरमा में एसडीएम कंवर ने आकस्मिक निरीक्षण किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम पंचायत ओरमा में एसडीएम नूतन कंवर एवं तहसीलदार आशुतोष शर्मा आकस्मिक निरीक्षण में पहुंचे, जहां पर पंचायत में सरपंच मंजूलता परस साहू, सचिव संतोष साहू एवं समस्त पंच उपस्थित रहे। ग्राम पंचायत द्वारा कराए गए पौंधारोपण बैठक व्यवस्था सरपंच कक्ष एवं दस्तावेजों का निरीक्षण किया गया। जहां पर उन्होंने पंचायत के कार्य को देखकर कार्य योजना बनाने का निर्देश दिया गया।



सरपंच मंजूलता ने बताया कि ग्राम पंचायत ओरमा को मॉडल पंचायत बनाने की ओर काम कर रहे है। एसडीएम एवं तहसीलदार ने पौंधारोपण स्थल का निरीक्षण किया जहां सभी पौधा जीवित पाया गया उन्होंने इस पर हर्श व्यक्त किया। सरपंच ने यह भी जानकारी दिया कि गांव के विकास के लिए लगभग 24 परिवार ने स्वेच्छा से आपसी सहमति से अतिक्रमण छोड़े और लगभग 5 एकड़ का खेल मैदान बन कर तैयार है। इस दौरान अपर कलेक्टर नूतन कंवर, तहसीलदार आशुतोष शर्मा, पटवारी तरन्नुम खान, कृषि विस्तार अधिकारी रेणुका साहू, सरपंच मंजूलता परस साहू, उप सरपंच रामचंद्र यादव, पंच फगनी निषाद ममता सोनकर देवन्टीन सोनकर, सुदामा साहू, सगुना साहू, संतोष कुमार, डोमार कुंभकार, विश्वकांत भारद्वाज, सचिव संतोष साहू, अभिजीत श्रीवास्तव, रामलाल साहू उपस्थित थे।

# ठेठवार समाज की चतुर्थ सामाजिक समरसता यात्रा 20 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

यादव ठेठवार समाज प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ के नेतृत्व में चतुर्थ सामाजिक समरसता उड़ीसा यात्रा सामाजिक ठेठवार भवन रायपुर से सुबह 05 बजे निकलेगी, इस हेतु करीब 100 यात्रियों ने पंजीयन कराया।

■ स्वजातीय जनों से भेंट, संवाद, शिक्षा–रोजगार पर मार्गदर्शन व सामाजिक समरसता बढ़ाना



इस यात्र का प्रमुख उद्देश्य दूरस्थ अंचलों में निवासरत स्वजातीय जनों से भेट मुलाकात, सामाजिक रीति–रिवाजों, जीवन शैली भौगोलिक स्थिति की जानकारी आपसी संवाद शिक्षा रोजगार, मार्गदर्शन परस्पर मेल मिलाप व सामाजिक सक्रियता लाना है। पूर्व में बस्तर यात्र, सरगुजा यात्र, मध्यप्रदेश यात्र का सफल आयोजन हो चुका है। समाज में यात्र को लेकर उत्साह देखते ही बन रहा है। यात्र में अधिक लोग शामिल होना चाहते हैं किन्तु यात्र लंबी होने के कारण संख्या सीमित किया गया है। यह यात्र दुर्ग, पाटन, रायपुर, महासमुंद, बागबाहरा, खल्लारी, खरियार रोड़, नुआपड़ा से तड़बोड़ उड़ीसा में भव्य सामाजिक सभा का आयोजन किया जाएगा। यात्र को लेकर लगातार सामाजिक जन बैठके आयोजित कर रहे हैं। विगत दिन तड़बोड़ उड़ीसा में यात्र के स्वागत सभा को लेकर अध्यक्ष शंकर अहिर के नेतृत्व में बैठक रखा गया था। यात्र के प्रभारी परमानंद यादव प्रदेश अध्यक्ष प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ एवं यात्र संयोजक नरोत्तम यदु प्रदेश महासचिव ने फोन के माध्यम से आवश्यक दिशा–निर्देश दिये व यात्र के सह संयोजक पुष्कर यादव प्रदेश कोषाध्यक्ष डा रविनारायण यदु प्रदेश उपाध्यक्ष आवश्यक तैयारियो में लगे हुए हैं। प्रदेश प्रभारी हरीश यादव द्वारा यात्र को लेकर आवश्यक मार्गदर्शन के साथ युवाओ एवं वरिष्ठजनों से संवाद किया जा रहा है। यात्र के अनुशासन प्रभारी, प्रदेश सलाहकार रामसिंह यादव ने यात्र के दौरान मद्यपान, धुम्रपान निषेध रहने की जानकारी दी व यात्र हेतु सहमति पत्र लेकर आने की बात कही। यात्र सह अनुशासन प्रभारी बलराम यादव प्रदेश सलाहकार ने बताया कि यात्र ऐतिहासिक होने वाला है। वास्तव में यह यात्र यादव समाज सहित अन्य समाज के लिए प्रेरणास्त्रेत बनेगा।

यात्रा के परिकल्पना दृष्टा प्रदेश महासचिव नरोत्तम यदु लगातार सामाजिकजनों से संवाद कर समाज में सक्रियता, भाई चारा बढ़ाना, सामाजिक आर्थिक सहयोग हेतु नवाचार कर रहे हैं। यात्र के भोजन प्रभारी हरिराम यदु, रामजीवन यदु, सरोज यदु, होंगे। वाहन प्रभारी राजू यादव, अशोक यादव, नरोत्तम यदु, रुप प्रभारी पुष्कर यादव, नवीन यदु, यात्र में छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, उड़ीसा के सामाजिक जन शामिल होंगे। यात्र रायपुर से सुबह 05 बजे निकलेगी। सुबह 10 बजे खरियार रोड़ में स्वजातीय जनों द्वारा यात्र का भव्य स्वागत किया जायेगा। उड़ीसा के विभिन्न गांवों में यात्र का स्वागत सम्मान व सभा का आयोजन होगा। तड़बोड़ उड़ीसा में संवाद सभा का आयोजन किया जाएगा।

रात्रि 10 बजे पुरी के लिए प्रस्थान करेगी। सुबह पुरी में समुद्र स्नान पश्चात यादवो के ईष्ट देव भगवान जगन्नाथ जी की दर्शन प्राश्चात संध्याकालीन उड़ीसा के यादवों के साथ भेंट वार्ता किया जाएगा। रात्रि पुरी में विश्राम के पश्चात सुबह चंद्रभागा का दर्शन किया जाएगा एवं चंद्रभागा दर्शन के पश्चात कोणार्क जाएगा एवं संध्याकालीन भुवनेश्वर में लिंगराज मंदिर दर्शन के पश्चात उड़ीसा के यादवों के साथ सामाजिक समरसता सभा का आयोजन होगा। चौथे दिन हीराकुंड बांध मां समलेश्वरी के दर्शन के पश्चात यात्र का समापन खल्लारी में होगा। उक्त जानकारी प्रदेश मीडिया प्रभारी शशिकांत यदु ने दी है।

# शैलदेवी में हुआ रक्तदान एवं अंगदान महोत्सव

हरिभूम न्यूज ▶▶| अंडा

शैलदेवी महाविद्यालय रक्तदान एवं अंगदान महोत्सव के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई और जिला स्वास्थ्य विभाग, दुर्ग के संयुक्त प्रयासों से संपन्न हुआ।





कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने रक्तदान और अंगदान के महत्व पर प्रकाश डाला। स्वास्थ्य विभाग से जी आर बुहारे ने कहा कि रक्तदान महादान है और यह किसी का जीवन बचा सकता है, जबकि अंगदान से कई लोगों को नया जीवन मिल सकता है। उन्होंने लोगों से इस नेक काम में आगे आने का आह्वान किया। एक अन्य विशेषज्ञ एसआर रंगारी ने बताया कि रक्तदान से कमजोरी नहीं आती, बल्कि इससे हृदय रोगों का खतरा कम होता है। उन्होंने 18 से 65 वर्ष की आयु के युवाओं को रक्तदान, अंगदान, नेत्रदान और देहदान के लिए प्रेरित किया। ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक मुकेश साहू ने सिकल सेल जैसी बीमारियों के प्रति सावधानी बरतने की सलाह दी और वैवाहिक संबंध जोड़ने से पहले इसकी जांच करवाने पर जोर दिया। उन्होंने कृमि रोग, फाइलेरिया, उच्च रक्तचाप और मधुमेह जैसी बीमारियों से बचाव के लिए नियमित जांच की भी सलाह दी। प्राचार्य ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं में सेवा, सहयोग और त्याग की भावना जगाने के लिए महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि शैलदेवी महाविद्यालय भविष्य में भी ऐसे सामाजिक सरोकारों वाले कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभाता रहेगा। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों और प्राध्यापकों ने भाग लेकर मानवता की सेवा का संदेश दिया।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.), डौण्डीलोहारा जिला - बालोद

**// उद्घोषणा //**

ई कोर्ट रा.प्र.क्र. 202509241500034 ब/113(1)
वर्ष 2024-25

ग्राम बड़ाजुंगेरा, प.ह.नं. 50 तहसील डौण्डीलोहारा, जिला बालोद (छ०ग०)

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम बड़ाजुंगेरा प.ह.न. 50 तहसील डौण्डीलोहारा जिला बालोद को सूचना प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक सचिव ग्राम पंचायत, बड़ाजुंगेरा, जनपद पंचायत डौण्डीलोहारा, जिला बालोद द्वारा ग्राम बड़ाजुंगेरा स्थित श्री पाटेश्वर सेवा संस्थान, बड़ाजुंगेरा के नाम पर सार्वजनिक ट्रस्ट बनाये जाने बाबत ट्रस्ट पंजीयन हेतु निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः श्री पाटेश्वर सेवा संस्थान, बड़ाजुंगेरा के नाम पर सार्वजनिक ट्रस्ट घोषित किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो तो वे अपनी दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से सुनवाई दिनांक 26-09-2025 के भीतर प्रस्तुत कर सकते है नियत सुनवाई तिथि पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से आज दिनांक 15.09.2025 को जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
मुहर डौण्डीलोहारा, जिला बालोद (छ.ग.)

# संजारी में निकाली गई जागरूकता रैली, स्कूल परिसर और बाजार चौक में की गई सफाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संजारी में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अंतर्गत रेड क्रॉस सोसायटी प्रभारी रीमा सोरी और प्रभारी प्राचार्य पद्मा कोठारी के निर्देशन में जागरूकता रैली निकाली गई। साथ ही शाला परिसर और संजारी के बाजार चौक की सफाई रेड क्रॉस के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए रेड क्रॉस प्रभारी रीमा सोरी ने कहा कि स्वच्छता जीवन के लिए अतिआवश्यक है, स्वच्छता अपनाने से हम स्वस्थ तो रहते ही हैं साथ ही नैतिक गुणों का विकास होता है। हमें अपने आसपास स्वच्छता रखनी चाहिए। इस अवसर पर रेड क्रास प्रभारी रीमा सोरी के निर्देशन में प्रभारी प्राचार्य पद्मा कोठारी, बबीता दीवान, किरण शिवाने, मीनाक्षी आर्य, अर्पणा वर्मा, डोंगरमल रामटेके,आलोक विश्वकर्मा, शिवेन्द्र बहादुर, नंदिनी जोशी, उर्मिला तारम, लालिमा रात्रे, धर्मिता देहारी, गिरिजा ठाकुर, संगीता सुधाकर, शाला नायक गिरिजा खरे, उपशाला नायक पूजा इंदौरिया, उपशाला नायक कुमकुम यादव, अनुशासन सचिव पूनम विश्वकर्मा, व क्रीडा सचिव महेंद्र साहू आदि उपस्थित थे। उक्त जानकारी व्याख्याता शिवेन्द्र बहादुर ने दी।

# साइबर फ्रॉड से बचने के लिए अवेयर रहना जरूरी : न्यायाधीश

**दुर्ग।** साइंस कॉलेज में जूलॉजिकल एसोसिएशन के उद्घाटन के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में विशेष विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर दो न्यायाधीशों ने महाविद्यालय में उपस्थित होकर छात्र-छात्राओं को महत्वपूर्ण विधिक विषयों पर जानकारी प्रदान किया। न्यायाधीश ने छत्तीसगढ़ टोनही प्रताड़ना निवारण अधिनियम के प्रावधानों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस अधिनियम का उद्देश्य अंधविश्वास के नाम पर की जाने वाली सामाजिक कुरीतियों और प्रताड़ना को पूर्णरूप से समाप्त करना है। युवा समाज में व्याप्त इस प्रकार की कुप्रथाओं के विरुद्ध जागरूकता फैलाएं। दूसरे न्यायाधीश ने साइबर अपराध से संबंधित जानकारियां प्रदान की।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### छात्रओं को निःशुल्क सायकिल वितरण किया

**गुरूर।** शासन की निःशुल्क सरस्वती सायकल योजना के तहत हाई स्कूल बागतराई मे कक्षा 9वीं की छात्रओ को सायकल प्रदान किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रुप मे जनपद अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर सुनीता संजय साहू उपस्थित थी। इस अवसर पर उनके साथ जनपद सदस्य प्रमिला साहू, सरपंच ग्राम पंचायत बागतराई अनिता साहू, अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति हाई स्कूल बागतराई भानुप्रताप हिरवानी, स्कूल सदस्य रामचंद पटेल, प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल बागतराई एचके रात्रे, प्रतिनिधि संजय कुमार साहू, सरपंच प्रतिनिधि भनेश्वर साहू, उपसरपंच सियाराम साहू, सदस्य शाला प्रबंधन समिति भुवन लाल साहू, रामू राम सार्वा, पोखन लाल साहू, सदस्य शाला प्रबंधन भारती राणा, जेजू राम सार्वा, दिनेश कुमार सोनवानी, पुनीत राम साहू, टोवेन्द्र कुमार सोनबेर, विनय कुमार साहू व पालकगण एवं शिक्षकगण उपस्थित थे।

### मित्र मंडल ने धार्मिक व पर्यटन स्थलों का दौरा किया



**जामगांव आर।** मुकेश मित्र मंडल बटरेल ने धार्मिक स्थलों सहित रमणीक स्थलों का यात्रा का प्रबंध कर मित्रों को यात्रा कराए। यात्रियों ने कबीरधाम के सरोदा बांध, रानी धरा वॉटरफॉल, भोरमदेव मनोरम दृश्यों का आनंद लिए। यात्रा करने वालो में भोकलु मंडल मुकेश जैन गणेश साहू, नरसिंह साहू, ठाकुर राम, अश्वनी साहू, खुमान साहू, हीरालाल, मुकेश, सोनू धनकर, रेखलाल, उत्तम यादव, समीर साहू, किशन साहू, आसाराम साहू, योगेन, देवेंद्र कुमार साहू शामिल रहे।

### छात्राओं को निःशुल्क सायकिल वितरण किया गया



**गुरूर।** हाईस्कुल कंवर में बच्चों को सरस्वती सायकल योजना के तहत सायकल वितरण किया गया। जिसमे सरपंच बालचंद टंडन, भाजपा मंडल मिरींटोला अध्यक्ष टुकेश्वर पांडेय, पूर्व सरपंच ईशवर साहू उपस्थित थे।

### जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक 22 को

**बालोद।** जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में सोमवार 22 को दोपहर 2.30 बजे से संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में सभी जिला समन्वयक अपने अधीनस्थ समस्त शाखाओं का शासकीय योजना अंतर्गत किए गए ऋण स्वीकृति एवं वितरणों की अद्यतन जानकारी के साथ निर्धारित समय एवं तिथि में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

## अभियान : 178 स्कूलों व 16 कॉलेजों में स्वच्छता अभियान चलाया गया

# जूनियर रेडक्रॉस ने स्कूल व महाविद्यालय में स्वच्छता सेवा पखवाड़ा चलाया







हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

भारतीय रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा बालोद के जूनियर रेडक्रॉस द्वारा शनिवार को जिले के हाई, हायर सेकेण्डरी स्कूलों एवं महाविद्यालय में सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छता ही सेवा थीम पर स्वच्छता अभियान चलाया गया।

राज्य चेयरमैन रेडक्रॉस तोमन साहू, जिला चेयरमैन डॉ प्रदीप जैन के निर्देशानुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी योगदास साहू व डॉक्टर जेएल उइके के मार्गदर्शन में जूनियर रेडक्रास के बच्चों ने अपने संस्था में सफाई अभियान चलाया। इस अवसर पर डॉ जेएल उइके ने बताया की स्वच्छ शरीर पर स्वस्थ मन का वास होता है, इसलिए हम सभी अपने आसपास को स्वच्छ रखकर विभिन्न बीमारियों से बच सकते हैं। जूनियर रेडक्रास के बच्चों ने अपने गांव में सफाई अभियान चलाकर आस पास साफ सुथरा रखने के लिए लोगों से अपील किये एवं कचरा को निश्चित स्थान पर ही डालने के लिए भी कहा एवं बच्चों द्वारा आसपास की सफाई घर के सामने नाली की सफाई व अन्य सफाई कामों के लिए स्थानीय शासन के भरोसे न बैठकर हम सभी को सप्ताह में 2 घंटे समय निकालकर सफाई अभियान चलाना चाहिए, जिससे हम सब स्वास्थ्य रहेंगे। स्वच्छता अभियान सर्व प्राचार्य, रेडक्रॉस प्रभारी के सहयोग से सफल रहा। एक साथ एक ही समय पर 178 स्कूलों एवं 16 कॉलेज में इस स्वच्छता अभियान के द्वारा लोगों को अपने आसपास स्वच्छ रखने का संदेश दिया गया।

स्वच्छता कार्यक्रम में सम्मिलित स्कूलों में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिखली से चंद्रशेखर पवार, कोबा रोहित देशमुख, संजारी रीमा साहू, शिवेंद्र बहादुर, बड़गांव कदंबिनी यादव, पटेली मनीषा सिंह, बालक डोडी लोहारा सौरभ शर्मा, ऐनुका सार्वा, राणा खुज्जी रॉकी, महाविद्यालय गुण्डरदेही डॉ अभिषेक पटेल, बालोद डॉ तुलाराम ठाकुर, दल्ली राजहरा जॉन, कन्या बालोद दीपाली ठाकुर एवं अन्य संस्थाओं द्वारा स्वच्छता अभियान में सहभागिता दी।

## श्रमदान कर स्वच्छता अभियान चलाया गया





**गुरूर।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत वार्ड क्रमांक 04 बस स्टैण्ड मे संपूर्ण स्वच्छता श्रमदान के तहत सफाई की गई। नगर के तीर्थ स्थलो, पर्यटन स्थल, मुख्य चौक चौराहो, सड़को, बस स्टैण्ड, जैसे सार्वजनिक स्थानो पर भी नागरिक सहभागिता के साथ विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें नागरिकों के सहयोग से स्वच्छता लक्षित इकाई में श्रमदान, सीटीयू सफाई अभियान तहत शहर के समस्त चिन्हांकित स्वच्छता लक्षित इकाइयों पर स्वच्छता अभियान, अयोजन कर, स्वच्छता संदेश, स्थानीय कलाकृति, सौर्दयीकरण स्वच्छता लक्षित इकाई क्षेत्रें में ध्वनि विस्तार यंत्र के माध्यम से दो कूड़ेदानों के उपयोग किये जाने तथा प्लास्टिक प्रदुषण मुक्त किये जाने हेतु संदेश प्रसारित किया गया। उक्त आयोजन में नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप कुमार साहू, नगर पालिका उपाध्यक्ष कुन्ती ताम्रज सिन्हा पार्यदगण अनुसुईया धुरव, गिरवर लाल ठाकुर, बिन्दा यादव, मधु जगदल्ले, नारायण रामटेके एवं वरिष्ठ नागरिकगण भागवत यादव, टक्कु लोहले, महिला स्व सहायता समूह, जन–प्रतिनिधियो, गणमान्य नागरिकों, स्वच्छताग्रहियों, एवं स्वसहायता समूह की सहभागिता से शासकीय अशासकीय कार्यालयों सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता श्रमदान किया गया। नगर पंचायत के अधिकारी, कर्मचारीगण उक्त कार्यक्रम में उपस्थित थे।

## भंसुली में पौधारोपण किया गया



**जामगांव आर।** भारतीय जनता पार्टी जामगांव आर मंडल स्तरीय सेवा पखवाड़ा समारोह लोकनिर्माण विभाग नवीन रेस्ट हाउस जामगांव आर भंसुली में आयोजित कर एक पेड़ मां के नाम पौंधारोपण किया गया। समारोह के अतिथि भाजपा जिला पूर्व उपाध्यक्ष लालेश्वर साहू थे। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू ने किया। विशेष अतिथि जिला पंचायत सभापति प्रतिनिधि नारद साहू मंचासिन रहे। भाजपा की महिला नेताओं ने भी पौधारोपण में सहभागिता निभाई। लालेश्वर साहू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक पेड़ मां के नाम लगाकर सेवा पखवाड़ा में पर्यावरण सुरक्षा का संदेश विरासत में देना चाहती है। कमलेश साहू ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितम्बर से प्रारंभ सेवा पखवाड़ा 2 अक्टूबर तक विभिन्न आयोजनों के साथ अलग अलग स्थानों पर चलाएगी। पौंधारोपण भी इसी तारतम्य में आज 20 सितंबर को आयोजित हुआ जिसमें सभी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति वंदनीय है। नारद साहू ने कहा कि भाजपा भारत माता से प्रेम करती है और ऐसा सभी कार्य को करती है जिसमें भारत माता का मस्तक ऊंचा होता हो। सेवा पखवाड़ा में पौधारोपण करना पर्यावरण सुरक्षा सेवा की दृष्टि से विरासत युक्त समाज सेवा है। संचालन एके जैन और आभार मंडल कोषाध्यक्ष अरुण चंद्राकर ने किया।



सेवा पखवाड़ा में समन्वयक जिनेश जैन, भाजपा नेता रूपसिंह सिन्हा, राजेश बंछोर, नरेश, जनपद सदस्य रवि सिन्हा, देवानंद देवांगन, नरेश केला, संजू साहू, लूभम बंछोर, राम सिंह बसोर, रविन्द्र, महेश साहू, नेतराम निषाद, भगवान सिंह चंद्राकर, बेनीराम साहू, शैलेन्द्री मंडावी, भानुप्रिया साहू, पेमिन साहू, लिखेश्वरी साहू, उपसरपंच मुकेश साहू, प्रेमचंद जैन, लक्ष्मण कोठारी, अरुण चंद्राकर, मेघनाथ सागरवंशी, अंगेश्वर साहू, पूर्णेंद्र सिन्हा, श्रीकांत चंद्राकर, डे साहब, चंद्रिका चंद्राकर, दुर्गेश, महेश, हीरालाल, कमल, राधेश्याम चंद्राकर व भाजपा नेतागण उपस्थित थे।

## रजत जयंती पर स्वच्छता अभियान की पहल





**गुरूर।** राज्य निर्माण के रजत जयंती स्वर्ण महोत्सव 19 व 20 सितंबर को रजत जयंती वर्ष के अवसर पर जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, गैर सरकारी संगठनो एवं नागरिको की उपस्थिति मे स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया।

छत्तीसगढ़ के 25 वर्ष की विकास यात्रा पर प्रकाश डालते हुए जनभागीदारी के साथ स्वच्छता के व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु शहर के तीर्थ स्थलों, शहीद स्मारकों, मुख्य चौक–चौराहो में नागरीक राहभागिता के साथ स्वच्छ पर्यावरण पर जनजागरूकता स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया।

रजत जयंती वर्ष के अवसर पर नगरीय निकाय अंतर्गत वार्ड स्तर पर जल निकायों एवं उसके आसपास के परिसर में चिन्हांकित जी.वी.पी. की साफ–सफाई शहर के मुख्य बाजारों एवं व्यावसायिक क्षेत्रें में चिन्हांकित स्वच्छता लक्षित इकाई की नागरिक सहभागिता से शहर के सार्वजनिक स्थलों जैसे बस स्टैण्ड पर छत्तीसगढ़ के 25 वर्षों की विकास यात्र के बारे में नागरिकों को जागरूक करने हेतु जनभागिदारी से स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप कुमार साहू, नगर प्रचायत उपाध्यक्ष कुन्ती ताम्रज सिन्हा, अनुसुईया धुरव, गिरधर लाल ठाकुर, बिन्दा यादव, मधु जगदल्ले नारायण रामटेके एवं वरिष्ठ नागरीकगण भागवत यादव, टक्कु लोहले महिला स्व सहायता समूह, नगर पंचायत के अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## जिले में सेवा पखवाड़े का हुआ शुभारंभ






**बालोद।** केंद्र सरकार के महत्वाकांक्षी आदि कर्मयोगी अभियान के तहत बालोद जिले के आदिवासी बहुल गांवों में आदि सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आदिवासी समुदायों का समग्र विकास सुनिश्चित करना है। आदि सेवा पर्व का आयोजन गुरूर, गुंडरदेही, बालोद, डौंडीलोहारा और डौंडी विकासखंड के कई गांवों में किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में जनजातीय परिवारों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में साफ-सफाई के महत्व पर जोर दिया गया और ग्रामीणों ने मिलकर स्वच्छता रैलियां निकालीं। आदि सेवा पर्व के तीसरे दिन, आदि सेवा कर्मयोगी अभियान के उद्देश्यों और महत्व के बारे में जानकारी दी गई। मौके पर मौजूद अधिकारियों और स्वयंसेवकों ने आदिवासी समुदाय के लोगों को उनके कल्याण के लिए चलाई जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। इन योजनाओं में स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, कौशल विकास, आजीविका, स्वच्छता, जल संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा जैसी गतिविधियां शामिल हैं। इस अभियान के तहत ट्राइबल विलेज एक्शन प्लान और ट्राइबल विलेज विजन 2030 भी तैयार किए जाएंगे, ताकि प्रत्येक गाँव के लिए एक दीर्घकालिक विकास का रोडमैप बन सके। इन योजनाओं को 2 अक्टूबर को विशेष ग्राम सभा में अनुमोदित किया जाएगा। इसके अलावा, ग्राम स्तर पर आदि सेवा केंद्र स्थापित होंगे, जो शिकायत निवारण और सेवा वितरण का काम करेंगे, जिससे योजनाओं का क्रियान्वयन समय पर हो सकेगा।

## आलबरस में हुआ स्वच्छता ही सेवा अभियान का जिला स्तरीय कार्यक्रम





**अंडा।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत चल रहे स्वच्छता पखवाड़ा में 19 सितंबर को दुर्ग जनपद पंचायत के आलबरस में जिला स्तरीय कार्यक्रम स्वच्छता ही सेवा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण से हुई, जिसमें ग्रामीणों ने अपनी माताओं के सम्मान में पौधे लगाए। इसके बाद, स्वच्छग्रहियों को प्रशस्ति पत्र और चेक दिए गए। साथ ही शौचालय निर्माण के पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति आदेश भी सौंपे गए। स्वच्छता अभियान को सफल बनाने में सहयोग करने वाले अधिकारियों और सफाई कर्मियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्वच्छता रैली, सार्वजनिक स्थलों की सफाई और अन्य जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं। जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे और सीईओ जिला पंचायत बजरंग कुमार दुबे ने सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई। गांव में घर-घर कचरा इकट्ठा करने वाली नया सवेरा महिला समूह की सदस्यों को अभिनंदन पत्र, स्वास्थ्य किट और 12 महीने का मानदेय 24 हजार प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त, उन्हें 15वें वित्त आयोग के मद से प्रति माह न्यूनतम 3,000 का मानदेय देने की भी जानकारी दी गई।

## साहू समाज ने किया पदाधिकारियों का चयन



**बालोद/सिकोसा।** ग्राम जुनवानी में साहू समाज द्वारा सामुदायिक भवन में बैठक आयोजित कर साहू समाज के पदाधिकारी का चयन किया गया। इसमें ग्रामीण साहू समाज अध्यक्ष लेमन साहू, उपाध्यक्ष रीझन साहू, सचिव गिरधारी साहू, सहसचिव भुपेन्द्र साहू, कोषाध्यक्ष परस राम साहू, महिला उपाध्यक्ष दुलारी बाई साहू, सदस्य भुनेश्वरी बाई साहू, पुरुष सदस्य रैन साहू, अमरनाथ साहू, चुरामन साहू, संरक्षक सदस्य दुष्यंत कुमार साहू को बनाया गया है, जहां ग्रामीण गैन्दु राम साहू, मयाराम, डीलुराम गैंदराम, खोमु साहू, देव साहू, गजानंद, चंद्रकुमार साहू सभी ने नए अध्यक्ष और उपाध्यक्ष, सदस्य का गुलाल लगाकर स्वागत किया गया।













